आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 31.08.2024
समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगें
- भारत सहित 8 देशों की वायु सेनाओं का संयुक्त अभ्यास तरंग शक्ति का दूसरा चरण जोधपुर में शुरू–अत्याधुनिक विमान दिखायेंगे युद्ध कौशलं
- जयपुर में पुलिस अधिकारियों की राज्यस्तरीय कार्यशाला का समापन–सुझावों के आधार पर बेहतर पुलिसिंग और कानून व्यवस्था का बनेगा रोड मेपं
- प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी जिलों में मानसून की गतिविधियां जारी–राजधानी जयपुर में कल रातभर चला बारिश का दौरं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगें 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण पर आधारित ये अत्याधुनिक गाडियां मेरठ–लखनऊ, मदुरै–बेंगलुरु और चेन्नई–नागरकोइल रेलमार्गो पर चलाई जायेंगीं इन गाडियों के संचालन से दक्षिण भारत में पर्यटन और व्यापारिक सुविधाओं का और विस्तार होगां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में जिला न्यायिक अधिकारियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगें इस अवसर पर प्रधान मंत्री सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक डाक टिकट और सिक्के का अनावरण भी करेंगें नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में बुनियादी ढांचे, समावेशी अदालत कक्ष, न्यायिक सुरक्षा, मुकदमों के प्रबंधन और प्रशिक्षण सहित जिला न्यायपालिका के मुद्दों पर पांच सत्र आयोजित किये जायेंगें उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश डी वाई चन्द्रचूड, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और बडी संख्या में न्यायविद और न्यायिक सेवा से जुड़े कार्मिक और अधिवक्ता भाग लेंगें

जोधपुर में कल से भारत सहित 8 देशों की वायु सेनाओं का संयुक्त अभ्यास तरंग शक्ति का दूसरा चरण शुरू हुआं इसका उद्घाटन वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल एसपी सिंह ने कियां कार्यक्रम में एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी और एयर ऑफिसर व कमांडिंग चीफ भी मौजूद थें14 सितम्बर तक चलने वाले इस अभ्यास में भारत के अलावा अमरीका, जापान, फ्रांस, ग्रीस, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और सिंगापुर के वायु सैनिक भाग ले रहे हैं

......

प्रदेश में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाया जाएगां इस दिशा में राज्य सरकार ने टेलीमानस हैल्पलाइन और मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केन्द्रों का दायरा बढाने का फैसला लिया हैं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में युवाओं और विद्यार्थियों में बढते मानसिक रोगों के निदान के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से कार्य योजना बनाने के निर्देश दिएं चिकित्सा मंत्री ने कोटा और सीकर सहित दूसरे जिलों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने वाले कोचिंग संस्थानों के लिए गाईडलाईन की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिएं चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि आगामी 10 सितम्बर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के लिए कार्य योजना बनाई जा रही है और मानसिक रोगों के संबंध में सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर सेवा का प्रचार प्रसार कर इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जायेगीं उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिला अस्पताल में मानसिक रोगों के ईलाज के लिए 10 बैड का डेडिकेटेड वार्ड बनाए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं

जयपुर–दिल्ली के बीच चलने वाली डबल डेकर रेलगाडी को नई साज सज्जा और सुविधाओं के साथ चलाया जायेगां दोनो शहरों के बीच संचालित इस लोकप्रिय गाड़ी में यात्रियों के आरामदायक सफर के लिए इलेक्ट्रो नयूमेटिक फ्लशिंग सिस्टम, वाश बेसिन, सेंसर युक्त इंडीकेटर और आरामदायक सीटों के साथ कुशन, हैंडल और रिक्लाइनिंग का नया कार्य किया गया हैं

उत्तर पश्चिम रेलवे के अनुसार इस गाड़ी के सभी 21 कोचों के अपडेशन और नवीनीकरण के कार्य को पूरा कर लिया गया हैं ये सभी काम अजमेर रेल्वे कारखाने में करवाये गये हैं

जयपुर में राज्यस्तरीय पुलिस अधिकारियों की कार्यशाला का कल समापन हो गयां पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहु ने बताया कि दो दिवसीय कार्यशाला में कई महत्वपूर्ण सुझाव निकलकर सामने आए हैं इनके आधार पर बेहतर पुलिस और कानून व्यवस्था का रोडमेप तैयार किया जायेगां उन्होंने बताया कि पुलिस मुख्यालय के स्तर से इन सुझावों और अनुशंषाओं को शामिल करते हुए एक ड्राफ्ट तैयार किया जाएगां इसे आने वाले दिनों में अंतिम रूप देकर उच्च स्तर पर भेजा जाएगां श्री साहू ने तकनीकी सत्रों के दौरान प्रदेश में अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा के लिए प्रदेश की पुलिस टीम की सक्सेस स्टोरीज और केस स्टडीज की सराहना करते हुए पुलिसकर्मियों को बधाई दीं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पेरिस पैरालंपिक खेलों में एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर अवनि लेखरा को बधाई दी हैं एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि देश को इस ऐतिहासिक और असाधारण उपलब्धि पर गर्व है और उनका दृढ़ संकल्प सभी के लिए प्रेरणादायक हैं राष्ट्रपति ने महिलाओं की 100 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर प्रीति पाल को भी बधाई दीं श्रीमती मुर्मू ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक लाने वाले मनीष नरवाल और महिला निशानेबाज मोना अग्रवाल को भी बधाई दीं इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अवनि लेखरा सहित भारतीय एथलिटों को उनकी उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी हैं सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने अवनि लेखरा के समर्पण की सराहना की और कहा कि ये भारत को गौरवान्वित कर रहा हैं प्रधानमंत्री ने दूसरे एथलीटों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता उभरते एथलीटों को प्रेरित करेगीं राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी पदक जीतने वाले सभी भारतीय पेराओलपियनों को शुभकामनाएं दी हैं इस बीच पैरालंपिक खेलों में भारत की पदक की उम्मीदें आज तीसरे दिन भी निशानेबाजों पर टिकी हुई हैं आज बैडमिंटन और तीरंदाजी के भी कई मुकाबले होंगें

प्रदेश के पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी जिलों में बीते 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर बारिश की गतिविधियां दर्ज की गई हैं राजधानी जयपुर में करीब हफ्तेभर बाद कल देर शाम मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकडी और जिले के कई हिस्सों में अच्छी बारिश हुई इधर प्रदेश के उत्तरी जिलों में पिछले कुछ दिनों से चल रहा बारिश का दौर बीती रात भी रूक–रूक कर जारी रहां हनुमानगढ़ के कई गांवों में जलभराव की स्थिति देखी जा रही हैं पडौसी श्रीगंगानगर जिले में भी अच्छी बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली हैं डूंगरपुर जिले में पिछले कुछ दिनो से हो रही बारिश से मेवाड़ा बांध ओवरफ्लो हो गया हैं बांध पर चादर चलने से स्थानीय लोगों में उल्लास का माहौल हैं वहीं राजसमंद का नंदसमंद बांध भी कल छलक गयां बांध का ओवरफ्लो पानी बनास नदी में बहने लगा हैं पानी के राजसमंद झील पहुंचने की उम्मीद हैं इधर जयपुर सहित तीन जिलों की पेयजल आपूर्ति के प्रमुख स्त्रोत बीसलपुर बांध में अब पानी की आवक धीमी हो गई हैं बांध पूर्ण भराव क्षमता के करीब पंहुच गया हैं मौसम विभाग के अनुसार आज कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर और जोधपुर संभागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना हैं